महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.09.2023

मीडिया सेल, महोबा

थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार:-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अवैध शस्त्रों की बिक्री एवं उनके निर्माण में प्रभावी रोकथाम व ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के अनुपालन में श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 17.09.2023 को प्रभारी निरीक्षक श्री शशि कुमार पाण्डेय द्वारा गठित टीम के अपराध निरीक्षक श्री देवेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 02 नफर अभियुक्त 1.जितेन्द्र कुछबंदिया पुत्र बकील उम्र 25 वर्ष 2. गौतम सिंह पुत्र घनश्याम कुछबंदिया उम्र 22 वर्ष को ग्राम नकरा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्तगणों के कब्जे से 01-01 अदद तमंचा 315 बोर व जिन्दा कारतूस बरामद किये गये। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु.अ.सं. 159/2023 धारा 3/25 एक्ट व मु0अ0सं0 160/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया तथाबाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.अप0 निरीक्षक श्री देवेन्द्र कुमार मिश्रा 2. उ0नि0 रमेश कुमार यादव
3. का0 प्रमोद कुमार 4.का0 अंकित सिंह

बरामदगी-

02 अदद 315 बोर नाजायज तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्त:-

1.जितेन्द्र कुछबंदिया पुत्र बकील उम्र 25 वर्ष निवासी मोहल्ला सिकन्दरपुरा चरखारी रोड कस्वा व थाना राठ हमीरपुर

2.गौतम सिंह पुत्र घनश्याम कुछबंदिया उम्र 22 वर्ष निवासी मोहल्ला सिकन्दरपुरा चरखारी रोड कस्वा व थाना राठ हमीरपुर

महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.09.2023

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला अधिकारों/महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में किया जा रहा है जागरूक-

महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा हेतु उ.प्र. शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराए जाने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आज दिनांक 18.09.2023 को महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान" के अंतर्गत जनपद के थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा सम्बन्धित बीट क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने के उद्देश्य से चौपाल लगाकर शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे-शक्ति मोबाइल, महिला हेल्पडेस्क, महिला साइबर सेल, मातृत्व को सम्बल, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मातृ वंदना योजना आदि के साथ-साथ महिला अपराध से सम्बन्धित धाराओ एवं उनकी प्रक्रिया, विभिन्न हेल्पलाइन नं. (112,1090,181,108,1076,1098) इत्यादि की जानकारी से जागरुक किया जा रहा है साथ ही साथ क्षेत्र की सम्भ्रान्त महिलाओं, आशा बहुओं, ए0एन0एम0, शिक्षामित्र, आंगनवाणी कार्यकत्री का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर उनसे निरंतर संवाद बनाये रखते हुये क्षेत्र की पीडित महिलाओं/बालिकाओं की समस्याओं का शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

महोबा पुलिस